पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पुणे से फोन कर श्री मुलायम सिंह यादव को जन्मदिन की बधाई दी

लखनऊ: 22 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद, श्री मुलायम सिंह यादव को पुणे से फोन कर जन्मदिन की बधाई दी तथा उनके स्वस्थ जीवन एवं शतायु होने की कामना भी की। राज्यपाल ने उनसे फोन पर कहा, ‘‘आप स्वस्थ रहें और देश एवं प्रदेश की उन्नति के लिए योगदान देते रहें।‘‘ राज्यपाल ने कहा कि संवैधानिक प्रमुख होने के तौर पर वे भी प्रदेश के विकास के लिए सदैव तत्वर हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु पुणे गये है।